हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 29 जून 2024

06 आगामी सीजन से सोलर सिस्टम से चलेंगी...



07 तालाब के गहरीकरण कार्य का प्रशासनिक...





## खबर संक्षेप

### कलेक्टर की अध्यक्षता में आज बैठकों का आयोजन

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में दो बैठकों का आयोजन किया गया है। अपर कलेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि दोपहर 3 बजे से पीएम जनमन के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद सीएम हेल्पलाइन के लंबित आवेदनों पर विभागों के अधिकारियों द्वारा निराकरण के संबंध में की गई पहल के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है।

### उपकरण के लिए परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ

**विदिशा।** शुक्रवार को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को उज्जैन के सहयोग से दिव्यांगजनों हेतु सहायक उपकरण परीक्षण शिविर का आयोजन जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में किया गया। शिविर में जिले के समस्त विकासखंडों के 155 दिव्यांगजनों ने पंजीयन एवं परीक्षण कराया। जिसमें से 75 दिव्यांगजन विभिन्न सहायक उपकरण जैसे मोटराईज्ड ट्रायसाईकिल, ट्रायसाईकिल, व्हीलचेयर, वैशाखी, इत्यादि के लिए पात्र पाए गए।

### हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में जिपं सीईओ का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**विदिशा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट द्वारा व्यक्तिगत रुचि लेते हुए प्रदेश में तीसरी रेंकिंग प्राप्ति पर प्रशंसा पत्र मिला है। जिला पंचायत विदिशा अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माह मई में 52.2 प्रतिशत संतुष्टि वेटेज एवं 88.1 प्रतिशत कुल वेटेज प्राप्त कर ए ग्रेड के साथ प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। अपर मुख्य सचिव ने विभाग की ओर से सीईओ जिला पंचायत को बधाई दी गई है।

### पेंशन प्रकरणों का समय पर निराकरण हो: डीएम

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने जिले में लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान जिला पेंशन अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पेंशन संबंधी प्रकरणों का निराकरण यथाशीघ्र करें। सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी को उसी दिन तमाम दावों की राशि प्राप्त हो ऐसी व्यवस्था क्रियान्वित करें। कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी के तमाम दस्तावेजों का निराकरण शीघ्र करें ताकि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत कार्यालय के चक्कर न लगाना पड़े। कलेक्टर श्री वैद्य ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि सेवानिवृत होने वाले अधिकारी कर्मचारियों की जानकारियां जिला पेंशन कार्यालय को समय पर उपलब्ध कराएं। जिससे सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी के प्रकरणों का निराकरण शीघ्र हो सके।

### शिवमहापुराण की कथा के लिए कलशयात्रा आज, कथास्थल पर तैयारियां पूरी

# 7 दिन हैवी वाहनों के निकलने पर प्रतिबंध बाइक-कार बायपास से निकल सकेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पं प्रदीप मिश्रा सिहोर की कथा से पहले आज देवी का बाग से सुबह 9 बजे मेनरोड होते ही कथास्थल गिरधर कॉलोनी तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं शामिल होंगी।

कलश यात्रा के प्रभारी संजय प्रजापति ने बताया कि नगर के मंदिरों से कलशों का वितरण किया गया है। वहीं कलशयात्रा स्थल पर भी कलश की व्यवस्था रहेगी। 30 जून से 6 जुलाई तक तक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा शिवमहापुराण की कथा बायपास स्थित गिरधर कॉलोनी में सुनाई जाएगी। जिसके लिए पंडाल लग चुका है। आयोजन समिति ने भी तैयारियां पूरी कर लीं हैं। कथा में करीब 5 लाख श्रद्धालु पहुंचने की संभावना को देखते हुए यातायात विभाग द्वारा मार्ग परिवर्तित किया गया है। भोपाल, रायसेन की तरफ से आने वाले हैवी वाहन व लोडिंग वाहन जो सागर की तरफ जाना चाहते हैं वो अग्रवाल एकेडमी से स्वामी विवेकानदं चौराहे, रामलीला, ढोलखेड़ी, रेलवेफाटक से सागर हाईवे निकलेंगे। बैरसिया, गुना, अशोकनगर, शमशाबाद की तरफ से आने वाले वाहन जो सागर जाना चाहते हैं वह ढोलखेड़ी चौराहे से होकर रेलवेफाटक होते हुए सागर हाईवे निकलेंगे। सागर की तरफ से आने वाले वाहन जो भोपाल, बैरसिया जाना चाहते हैं वो ओलपंस स्कूल से होते हुए रेलवे फाटक क्रॉस कर ढोलखेड़ी चौराहे से सुंदर डेयरी मोड़ होते हुए सांची हाईवे निकलेंगे। गुना, अशोकनगर, शमशाबाद से आने वाले वाहन जो भोपाल जाना चाहते हैं वो सदुंर डेयरी मोड़ होते हुए सांची हाईवे निकलेंगे।



विदिशा। कथा में आने वाले श्रद्धालुओं को समझाइश देते पुलिस अधिकारी।

### हैवी वाहनों के निकलने की यह रहेगी व्यवस्था

यातयात प्रभारी निरपत सिंह लोधी ने बताया कि हैवी वाहनों का निकलना प्रतिबंधित किया गया है। भोपाल से सागर जाने वाले हेवी वाहन सूखी सेवनियां से पटेल नगर, रायसेन, गैरतगंज होकर सागर जाएंगे। सागर से भोपाल जाने वाले हेवी वाहन राहतगढ़, बेगमगंज होते हुए भोपाल जाएंगे। राहतगढ़ से भोपाल जाने वाले हेवी वाहन त्योंदा, बासौदा होते हुए भोपाल निकलेंगे।

### कथास्थल पहुंचकर पुलिस अधिकारियों ने दी समझाइश

शुक्रवार के कथास्थल पर पहुंचकर पुलिस अधिकारियों ने आयोजन समिति के साथ बैठक की। वहीं मौके पर मौजूद महिला श्रद्धालुओं को समझाइश दी गई की कथा में कोई भी सोने के आभूषण पहनकर न आएं। क्योंकि आसमाजिक तत्व भीड़ में सक्रिय रहते हैं और घटनाएं घटित हो जाती हैं। कलश यात्रा मार्ग पर जगह-जगह मुख्य बाजार में व्यापारियों ने कलश यात्रा के स्वागत की तैयारी कर रखी है। आयोजन समिति के धर्मेंद्र सक्सेना ने बताया की कथा को लेकर तैयारियां पूरी कर लीं गईं हैं।

### पार्किंग की व्यवस्था

- भोपाल, रायसेन से आने वाले श्रद्धालु एचपी पेट्रोल पंप के सामने एवं सांवरिया सेठ के प्लाटिगं एरिया की निर्धारित पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे और पदैल मार्ग से कथास्थल पहुचेंगे।
- करारिया, सिरोंज, शमशाबाद, बरैसिया से आने वाले श्रद्धालु जतरापुरा मोड़ से होते हुए पुरानी गल्ला मंडी में वाहन पार्क करेंगे और पदैल मार्ग से कथा स्थल पहुचेंगे।
- सागर , बासौदा, गुलाबगंज, ग्यारसपुर की तरफ से आने वाले श्रद्धालु, नई गल्ला मंडी, द्वारका धाम के दोनों तरफ, बालाजी कॉलोनी में अपने वाहन पार्क कर कथा स्थल पदैल मार्ग से पहुंचेंगे।
- कथा में आने वाले वीआईपी लोगों के लिए पार्किंग की व्यवस्था आकृति परिसर में की गई है।

# अस्पताल की लिफ्ट बीच में रुकी 5 लोग 45 मिनट तक फंसे रहे

### आपातकालीन नंबर पर फोन रिसीव नहीं हुआ

- पीड़ित व्यक्ति ने कलेक्टोरेट पहुंचकर मामले की शिकायत की।
- लिफ्ट के पंखे चोरी, तेज गर्मी में पांचों लोगों की हुई हालत खस्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शुक्रवार की दोपहर जिला अस्पताल की लिफ्ट में पांच लोग करीब 45 मिनट तक फंसे रहे। लिफ्ट के पंखें चोरी होने के बाद दोबारा नहीं लगाए गए। जिसके कारण अंदर फंसे लोगों की गर्मी के कारण हालत खराब हो गई। 45 मिनट बाद अचानक ही लिफ्ट चालू हुई तब कहीं जाकर पांचों लोग बाहर निकल सके।

लिफ्ट के अंदर फंसे घासीराम सेन ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर से शिकायत करते हुए अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि अस्पताल की पहली मंजिल से लिफ्ट लेकर तीसरी मंजिल पर जा रहे थे। बीच रास्ते में लिफ्ट अचानक बंद हो गई। अंदर सभी लोग घबरा गए, चीख पुकार मच गई। हम चिल्लाते रहे पर किसी ने नहीं सुनी। लिफ्ट में 3 महिलाएं 2 पुरुष थे। अंदर पंखा बंद होने की वजह से तेज गर्मी के कारण लोग बेचैन होने लगे। आपातकाल नंबर पर फोन लगाया, लेकिन रिसीव नहीं हुआ। करीब 45 मिनट बाद लिफ्ट अचानक चालू हो गई, लेकिन कोई बचाने नहीं आया।

### राहगीर को टक्कर मारकर भागा ट्रक चालक, दो किमी पीछा कर लोगों ने पकड़ा, पुलिस के हवाले किया

**ग्यारसपुर।** मानोरा नेशनल हाईवे पर सड़क किनारे चल रहे राहगीर गंगाराम अहिरवार उम्र 45 वर्ष को आयशर ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। गंगाराम अहिरवार के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। घायल को ग्यारसपुर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। ट्रक चालक विदिशा से सागर की ओर जा रहा था कि सड़क किनारे चल रहे गंगाराम रैकवार को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक चालक ने भागने का प्रयास किया लेकिन 2 किमी दूर औलींजा के पास स्थानीय लोगों ने उसको पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

### बैंकर्स हितग्राहियों को वित्त पोषण करें: डीएम

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने डीएलसीसी की बैठक में सभी बैंकर्स प्रतिनिधियों से कहा है कि हितग्राहीमूलक प्रकरणों में वित्त पोषण संबंधी कार्य शीघ्रतिशीघ्र करें। ताकि हितग्राही उसी वित्तीय वर्ष समाप्ति के दौरान स्वरोजगारमुखी होकर ब्याज किश्त जमा करना शुरू कर दें। कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों को समय पर बैंकों द्वारा वित्त पोषण करने पर हितग्राही के साथ-साथ अन्य विधाओं के क्षेत्र में बैंकर्स की ख्याति में वृद्धि होती है। हितग्राहियों का स्वरोजगार संचालन होने से सामाजिक स्तर पर उनकी छवि में सुधार आता है।

# मारपीट से इंजीनियरों में नाराजगी, आरोपी सरपंच पति पर सख्त कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सागर जनपद में पदस्थ इंजीनियर के साथ सरपंच पति के द्वारा मिर्ची झोंककर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले को लेकर शुक्रवार को जनपद और जिले के अन्य विभागों में कार्यरत इंजीनियर ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें उन्होंने सागर में इंजीनियर के साथ हुई मारपीट का विरोध करते हुए इस प्रकार की घटनाओं को रोक लगाने की मांग की। अभियंता संघ के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि 25 तारीख को सागर जिले के एक अभियंता साथी के साथ सरपंच पति द्वारा आंखों में मिर्ची झोंककर मारपीट की। ज्ञापन सौंपकर शासन से मांग की है कि इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।



# जिलेभर में चल रही कार्रवाई, खाद्य विभाग ने गट्टू चौपाटी पहुंचकर सेंपल लिए, जांच के लिए भेजेंगे

### खाद्य औषधि प्रशासन की टीम ने खाद्य पदार्थों की जांच-परीक्षण कर सैंपल एकत्रित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

खाद्य सुरक्षा अधिकारी एडलिन ई पन्ना ने शुक्रवार को गायत्री मंदिर के सामने स्थित गट्टू चौपाटी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने खाद्य कारोबारकर्ता को मिलावट न करने की हिदायत दी है। वहीं वैष्णव किराना से खाद्य पदार्थ अचार मसाला, साबूदाना, बिस्कुट, बोर्नविटा के सैंपल लिए, श्री हरि होटल से बेसन, ग्रेवी, चावल, दाल, छोले के सैंपल लिए। हवेली रेस्टोरेंट से खाद्य पदार्थ पनीर, ग्रेवी, चाउमीन के सैंपल तथा गट्टू चौपाटी से नारियल चटनी, मंचूरियन, मैदा आदि के सैंपल एकत्रित किए गए।



एकत्रित किए गए खाद्य सैंपलों को जांच परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। उन्होंने बताया कि बिना खाद्य लाइसेंस कोई भी दुकानदार खाद्य कारोबार करता पाया गया तो कार्रवाई होगी।

# वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, पिकअप वाहन सहित 23 नग सागौन की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭लटेरी

लटेरी वन विभाग लटेरी ने मुखबिर की सूचना पर एक पिकअप वाहन सहित लगभग तीस हजार रुपये की इमारती सागौन की लकड़ी जब्त है।

मुखबिर ने सूचना पर एक पिकअप वाहन में इमारती लकड़ी भरकर ले जाई जा रही है। जिसकी सूचना तत्काल वन मंडल अधिकारी विदिशा को दी गई और वन मंडल अधिकारी के निर्देशन में टीम गठित कर शाम 6 बजे वन अमले को बाईपास रोड लटेरी भेजा गया। जिस रास्ते से टाटा पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 40 जीए 1252 आता दिखा। वन स्टाफ द्वारा अपने शासकीय वाहन से पिकअप वाहन को रोका गया। वाहन की जांच की गई तो वाहन में सागौन के 23 नग अवैध परिवहन करते हुए जब्त किए गए। वाहन में तीन आरोपी लाखन पुत्र वीरेंद्र पंथी निवासी ग्राम जावती, दीपेश पुत्र गुड्डा मालवीय वाहन स्वामी निवासी लटेरी, रहूप पुत्र छोटे खा निवासी दाऊताल मौजूद थे। जिसमें से दो भाग गए। एक को मौके से पिकअप सहित गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरे आरोपी वाहन मालिक को भी गिरफ्तार किया गया है। तीसरा आरोपी रहूप पुत्र छोटे खा अभी फरार है। जब्त किये गये सागौन की कीमत 30541 रुपए बताई जा रही है। वहीं आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है।



### पांच को जिलाबदर करने के आदेश जारी

**विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बुद्धेश कुमार वैद्य ने पांच प्रकरणों में जिलाबदर के आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वैद्य के द्वारा जिन 5 आदतन अपराधियों पर जिलाबदर की कार्यवाही की है उनमें गुलाब सिंह पिता धारू सिंह गुर्जर निवासी दुधनखेड़ी थाना शमशाबाद, रमेश सिंह पिता धारू सिंह गुर्जर निवासी दुधनखेड़ी थाना शमशाबाद, लालाराम त्यागी पिता कल्याण दास त्यागी निवासी भवानीनगर सिरोंज थाना सिरोंज को एक-एक वर्ष के लिए जिलाबदर किया गया है। दो अन्य आरोपी लालू उर्फ हरीराम पुत्र गजराम सिंह दांगी निवासी बमुलियाउदा थाना सिरोंज एवं देवेन्द्र उर्फ नंगा पिता बाबूलाल विश्वकर्मा निवासी वार्ड क्रमांक 5 कृपाराम वाली गली गंजबासौदा थाना गंजबासौदा को तीन-तीन माह की कालावधि के लिए जिलाबदर का आदेश जारी किया गया है।




### कलेक्टर व विधायक ने हरिझंडी दिखाकर बसों को रवाना किया

# सीएम राइज स्कूल के छात्रों के लिए 6 बस मिलीं

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सीएम राइज स्कूल में निःशुल्क बस सेवा 28 जून से प्रारंभ हो गई। सीएम राइज स्कूल में दूर दराज से आने वाले 300 विद्यार्थियों के लिए 6 बसें उपलब्ध कराई गई हैं। जिनके माध्यम से 2 किलोमीटर से लेकर 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले विद्यार्थी बस से स्कूल आएंगे और वापस घर जाएंगे।

शुक्रवार को बस सेवा के शुभारंभ मौके पर विदिशा विधायक मुकेश टंडन, कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, जिला पंचायत सीईओ योगेश भरसट मौजूद रहे। बताया गया कि कक्षा एक और दो के बच्चों के लिए एक से दो किलोमीटर की दूरी पर और इससे ऊपर की कक्षाओं के बच्चों को 2 किलोमीटर से अधिक दूरी होने पर घर से स्कूल आने-जाने के लिए बस सुविधा का लाभ मिलेगा। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि सीएम राइज स्कूल में बच्चों के लिए बस सुविधा की शुरुआत हुई है। मुख्यमंत्री मोहन यादव को धन्यवाद देता हूं। जिन्होंने हमारे विदिशा जिले में सबसे पहले विदिशा में वह सुविधा प्रारंभ की है। इस सौगात से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों को लाभ मिलेगा। कलेक्टर ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम है। जिला मुख्यालय पर स्थित सीएम राइज स्कूल में आज यानी शुक्रवार से परिवहन सेवा का शुभारंभ हुआ है। लगभग 300 बच्चों को बसों के माध्यम से स्कूल लाया जाएगा। पढ़ाई के साथ मूलभूत सुविधा ने यह एक ओर वृद्धि है। इससे बच्चे बेहतर तरीके से पढ़ाई करके आगे बढ़ सकेंगे।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2750
उच्चतम भाव-3901
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2515
उच्चतम भाव-2856
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2300
उच्चतम भाव- 2519
चना
न्यूनतम भाव- 5210
उच्चतम भाव- 6768
मसूर
न्यूनतम भाव-3530
उच्चतम भाव-6451
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-4555
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-5921
सरसों
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5920
उड़द
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-8180
मूंग
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-7820
धान
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-3035
ज्वार
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3000
बटरी
न्यूनतम भाव-3900
उच्चतम भाव-3900
धना
न्यूनतम भाव-5570
उच्चतम भाव-7200

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 11269 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### कार्यकर्ताओं का पुष्पवर्षा कर किया आभार व्यक्त



**गंजबासौदा।** कुरवाई विधायक ने अंबानगर चौराहे पर सरपंच प्रतिनिधि राजन सिंह दांगी के दांगी कृषि फार्म हाउस पर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने लोकसभा में उदयपुर मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताने पर फूल बरसाकर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अंबानगर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता एवं सरपंचगण एवं ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पं दीन दयाल उपाध्याय एवं श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। जिसके बाद विधानसभा चुनावों एवं हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों में उदयपुर मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने और पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराने पर उनका आभार व्यक्त किया गया।

# नगर पालिका में रंगोली बनाकर नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका परिषद में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने नशे से दूर रहने के लिए रंगोली भी बनाई। कार्यक्रम के दौरान नपा कर्मियों को नशे से दूर रहने का संकल्प भी दिलाया गया।

अपने उद्बोधन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि हमें नशे से दूर रहना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। आज की युवा पीढ़ी में नशे की लत ज्यादा देखने को मिल रही है जो ठीक नहीं है। शासन प्रशासन और सरकार समय-समय पर अभियान चलाकर नशे के दुष्परिणाम बताकर इससे दूर रहने की अपील करती है।
किसी भी प्रकार का नशा हमारे जीवन को धीरे-धीरे काल के गाल में ले जाता है। इस अवसर पर नगर पालिका सीएमओ जयंत वर्मा ने छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली की प्रशंसा की और उपस्थित जनों से नशा मुक्ति अभियान को जन जन तक पहुंचाने की अपील की। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधियों एवं नपा अधिकारियों ने भी नशा मुक्ति को लेकर अपने विचार प्रकट करते हुए नशे से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए लोगों से नशा न करने की अपील की। साथ ही नशे से मुक्त होने के लिए भी आवश्यक सुझाव एवं सलाह दी गई।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व पार्षद योगेंद्र समैया पप्पू भैया, सरिता रघुवंशी, पार्षद राहुल ठाकुर, नारायण सोनी, पार्षद प्रतिनिधि संजय भावसार, धर्मेंद्र कुशवाहा, सरदार अहिरवार, मोनिका भार्गव के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और नपा कर्मी मौजूद थे।




## भीषण गर्मी में किसान मंडी में ठंडे पानी के लिए होते हैं परेशान

# आगामी सीजन से सोलर सिस्टम से चलेंगी प्याऊ, मिलेगा शीतल जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय कृषि उपज मंडी में वैसे तो अनेक समस्याएं हैं, लेकिन किसानों को गर्मी में शीतल जल न मिल पाना एक बड़ी समस्या है। इस समस्या के समाधान के लिए अब मंडी प्रशासन ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसके लिए मंडी परिसर में दो नलकूप उत्खनन कराए गए हैं। जिनमें आगामी दिनों में सोलर सिस्टम आधारित वाटर कूलर लगाए जाएंगे। जिससे किसानों को भीषण गर्मी के अलावा अन्य दिनों में भी शीतल जल मिलता रहेगा।

उल्लेखनीय है कि कंजना पठार स्थित नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में पानी की काफी किल्लत है। हालत यह है कि मंडी समिति कार्यालय सहित सभी फर्मों पर बाहर से पानी के कैन मंगाए जाते हैं, तब जाकर मंडी कर्मचारी, व्यापारी और किसानों को ठंडा पानी मिल पाता है। भीषण गर्मी के समय यह समस्या और भी बढ जाती है। हालांकि मंडी में दो सार्वजनिक प्याऊ भी बनी हैं, लेकिन किसानों की बडी संख्या के चलते इनसे पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो पाती है और उनसे ठंडा पानी भी नहीं मिलता है। किसानों की इसी समस्या को देखते हुए मंडी प्रशासन ने अब परिसर में पुरानी प्याऊ से अलग दो अलग अलग स्थानों पर नलकूप उत्खनन कराए हैं। मंडी सचिव सुनील भालेकर ने बताया कि मंडी में दो नए नलकूप को मिलाकर अब चार नलकूप हो गए हैं। दोनों नए नलकूपों पर शासन के प्रस्ताव के तहत सोलर आधारित वाटर कूलर लगाए जाएंगे। जबकि पुरानी प्याऊ में पानी ठंडा करने के लिए चिलर लगाए जाएंगे। जिससे पूरे परिसर में किसानों, व्यापारियों, मजदूरों आदि को पूरे समय ठंडा और शुद्ध जल मिल सकेगा। साथ ही कम पानी वाले एक बंद पडे नलकूप को भी रिचार्ज करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे बरसात बाद उसका भी लाभ मिल सके। मंडी सचिव के अनुसार मंडी परिसर में हरियाली और छांव के लिए बरसात के मौसम में पौधरोपण कराया जाएगा। साथ ही धर्मकांटे से तौल की व्यवस्था को भी चालू करने के लिए सभी से चर्चा कर सहमति बनाई जाएगी।





### सर्वर डाउन होने से ई-मंडी के कार्य रहे बंद, पर्ची बनवाने किसान हुए परेशान



**गंजबासौदा।** स्थानीय कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक मशीनों से अनुबंध पर्ची बनाने की प्रक्रिया ठप रही। बताया गया कि सर्वर में खराबी के चलते प्रदेश की सभी मंडियों में इलेक्ट्रॉनिक मशीनों से अनुबंध पर्ची, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था सहित अन्य कार्य बंद रहे। ऐसे में मंडी के कर्मचारियों की मदद से मैनुअल पर्ची बनवाई गईं। जिससे किसानों को पर्ची बनवाने में बिलंब हुआ और असुविधा हुई, लेकिन आवक कम होने से ज्यादा अव्यवस्था उत्पन्न नहीं हुई।

# शिविर में मातृशक्ति एवं नागरिकों ने किया 60 यूनिट रक्तदान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अखिल भारतीय महिला जैन परिषद, सोम संभाग शाखा गंज बासौदा के तत्वावधान में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन महावीर विहार में किया गया। जिसमे जैन महिला परिषद की बहनों के साथ-साथ अन्य नागरिकों ने रक्तदान किया। शिविर में कुल 60 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में विशेष निर्देशन डॉक्टर संकुल जैन एवं डॉ नेहा जैन का रहा। अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सालय विदिशा से ब्लड बैंक के ऑफिसर संजय सोनी ने अपनी टीम के साथ आकर ब्लड डोनेशन का कार्य संपन्न कराया। मातृशक्ति द्वारा आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ,जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मधुलिका अग्रवाल रहीं। जैन महिला परिषद की प्रांतीय सचिव डॉक्टर ब्रह्म. आराधना दीदी, प्रांतीय सह कोषाध्यक्ष दीपा जैन, नगर अध्यक्ष अर्चना जैन, सचिव रुपाली जैन, कोषाध्यक्ष कीर्ति जैन, प्रांतीय चेयरपर्सन राशि जैन,रेशू जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**गंजबासौदा।** ग्राम रसूलपुर में खेल ग्राउंड के सामने 35 वर्षीय कामताबाई पति नारायण अहिरवार आंगनबाड़ी से अपने घर जा रही थी, तभी रास्ते में वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके बाद परिजन उसे त्योंदा स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को परीक्षण के लिए भेजकर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# एसडीएम ने की इमारतों में फायर सेफ्टी सिस्टम की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कलेक्टर से प्राप्त निर्देशों के पालन में एसडीएम विजय राय ने ग्रामीण क्षेत्र में स्थित ऊंची इमारते, होटल, शैक्षणिक भवन, संस्थगत भवन, व्यवसायिक भवन, सभा भवन, आवासीय भवन एवं अन्य प्रकार के भवनों में उपयुक्त फायर सिस्टम स्थापित करने तथा फायर एनओसी के संबंध में जांच की।

इस अवसर पर एसडीएम ने जनपद सीईओ भगवान सिंह, हल्का पटवारी, ग्राम सचिव आदि के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। उक्त संबंध में ग्राम कंजना स्थित ग्रीन हब एग्रो फूड्स, महावीर दालमील प्राइवेट लिमिटेड, कटारे गोल्ड चना प्राइवेट लिमिटेड, हर्षित इंटरप्राइजेज आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में मौके पर आग से बचाव हेतु किये गये उपाय, फायर एनओसी आदि विषयों में संबंधित भवन मालिक/ संचालक से जानकारी प्राप्त की गई। फायर एनओसी आदि उपलब्ध न होने, सुरक्षात्मक उपायों में कमी पाये जाने पर संबंधितों को पूर्ति हेतु 7 दिवस का समय दिया गया। साथ ही कमी पाये जाने पर संबंधित भवन मालिक/ संचालको के विरूद्ध नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।





### फिर छाईं घटाएं, लेकिन बरसी नहीं...



**गंजबासौदा।** गत शाम की ही तरह शुक्रवार की शाम को भी आसमान पर गहरी काली घटाएं छा गईं और तेज हवाएं चलने लगीं, जिनसे लोगों को अच्छी बारिश की उम्मीद बंध गई। हालांकि इन घटाओं से उदयपुर एवं उसके आसपास के क्षेत्र में बारिश हुई है, लेकिन खबर लिखे जाने तक नगर में पानी नहीं बरसा। वेबसाइटों के अनुसार बादलों से शुक्रवार की रात में इलाके में अच्छी बारिश हो सकती है। छाया : राजा छारी

## बिस्कावली के वृद्धाश्रम में किया वृद्धों का सम्मान

# मंत्री के जन्मदिन पर किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के समीप ग्राम बिस्कावली में स्थित तपोभूमि वृद्ध आश्रम में पंचायत एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल के जन्मदिन के अवसर पर प्रहलाद पटेल फैंस क्लब ने वृद्धों का और तपोभूमि आश्रम को संचालित करने वाले दंपति हरि सिंह सिकरवार कक्का तथा राजकुमारी सिकरवार का शाल श्रीफल से सम्मान किया एवम सभी को मिठाई खिलाई। इसके पश्चात सभी के साथ पंचतत्व संरक्षण समिति के सहयोग से वृद्धाश्रम एवं मंदिर परिसर में गुलमोहर, अमलतास, जामुन आदि 5 किस्मों के पौधों का पौधरोपण किया। इन पौधों में पानी डालने और बड़ा करने की जिम्मेदारी वृद्ध आश्रम के संचालक विशाल सिकरवार ने ली है। ज्ञात हो कि हरिसिंह कक्का के पुत्र विशाल सिकरवार पंचतत्व के सदस्य हैं और उन्होंने इस बारिश में आश्रम के चारों ओर बाउंड्रीवाल के पास 200 फलदार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इस मौके पर पंचतत्व के प्रमोद सिंह राजपूत ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि इस बारिश में अगर हर हाथ से एक पौधा लग जाए तो अगली गर्मी का तापमान हम सब कम कर सकेंगे। इसके लिए पंचतत्व संरक्षण समिति आपके साथ सदैव पौधारोपण के लिए तत्पर है। यहां उल्लेखनीय है कि पंचतत्व प्रतिवर्ष बडे पैमाने पर पौधरोपण करती है और समिति द्वारा कई स्थानों पर लगाए पौधे अब पूरी तरह विकसित हो चुके हैं। इस अवसर पर प्रमोद सिंह राजपूत, रंजीत सिंह, धीरेन्द्र सिकरवार, मनोहर चौरासिया, अनिल अहिरवार, नीरज राय, विनीत श्रीवास्तव, चंद्रहास सेन, सुरेंद्र ठाकुर, मनीष अहिरवार, गजेन्द्र दांगी, कार्तिक अहिरवार, पवन चौरसिया आदि उपस्थित थे।

# सोसायटी चुनाव में एक बार फिर विजय हुई डब्लूसीआरईयू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत 26 जून को संपन्न हुए सोसायटी एम्पलाइज क्रेडिट को - ऑपरेटिव सोसायटी के चुनावी परिणाम 27 जून की मध्य रात्रि को सामने आए। दिन भर चली मतगठना में भोपाल मंडल में डब्लूसीआरईयू एवं डब्लूसीआर एमएस के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। कड़े मुकाबले के बाबजूद अंततः वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन ने बाजी मारी और भोपाल मंडल के 6 क्षेत्रों के 29 कैंडिडेट में से एम्पलाइज यूनियन के 16 कैंडिडेट, तो मजदूर संघ के 13 कैंडिडेट ने बाजी मारी। तो दूसरी ओर जबलपुर, मुंबई एवं अन्य मंडलों में मजदूर संघ के कैंडिडेट चारों खाने चित हो गए। अगर जबलपुर की बात करे तो एंपलाइज यूनियन ने 29-0 से मजदूर संघ को पराजित किया। भोपाल मंडल में बदलाव के मुद्दे के साथ पहली बार मैदान में उतरी पीएमआरकेपी का प्रदर्शन मिला जुला रहा, लेकिन कुछ हद वह वोटरों को अपनी ओर आकर्षित कर सकी। केवल नर्मदापुरम की बात करे तो पीएमआरकेपी दूसरी बड़ी पार्टी के रूप में सामने आई। विपक्ष के कुछ मुद्दे जिन्होंने मुकाबले को दिलचस्प बनाया। उनमें मजदूर संघ का भ्रमात्मक घोषणा पत्र एवम उसमे भी गारंटर हटाने के मुद्दे ने कुछ हद तक लोक लुभावने वादों की तरह वोटरो को अपनी ओर आकर्षित किया किंतु सोसायटी अधिनियम के अनुसार कोई भी सोसायटी बिना गारंटर के लोन नही दे सकता, वहीं दूसरा मुद्दा रहा डिजिटल ट्रांजेक्शन जिसमे विपक्षी पार्टियों द्वारा घोषणा पत्र में सोसायटी के लेनदेन को पूरी तरह डिजिटल करने की बात कही लेकिन सत्तादल मतदाताओं को डिजिटल ट्रांजेक्शन की प्रक्रिया के बारे में भरोसा नहीं दिला पाया जिससे भी एम्पलाई यूनियन को कुछ सीटों का नुकसान उठाना पड़ा। तीसरा मुद्दा रहा UPI लेन देन का वादा जो कि पूरी तरह निर्थक था क्यों कि ईसीसी एक को ऑपरेटिव सोसायटी है न कि कोई बैंक। इसके बावजूद 111 वर्षों से सत्ता में रहने वाली एम्पलाइज यूनियन की ही जीत हुई। इस जीत के बाद यूनियन के स्थानीय सदस्यों ने जश्न मनाकर अपनी खुशी जाहिर की।

### खुदाई के नाम पर जो जगह जगह गहरे गड्ढे किए हैं वह गलत और अनुचित हैं

# तालाब के गहरीकरण कार्य का प्रशासनिक अधिकारियों और विधायक ने लिया जायजा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के नया बस स्टैंड स्थित तालाब में चल रहे गहरीकरण के कार्य का जायजा लेने के लिए विधायक उमाकांत शर्मा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पहुँचे। यहाँ पर उन्होंने मशीनों से हो रहे गहरीकरण को तो ठीक बताया लेकिन गहरीकरण के तरीके को अनुचित बताते हुए कहा कि खुदाई के नाम पर जो जगह जगह गहरे गड्ढे किए है वह गलत ओर अनुचित है। इन गड्ढों में बारिश में पानी भराने के बाद पशुओं के साथ मानव जीवन को भी खतरा हो सकता है तथा दुर्घटना होने की संभावना भी बनी रहेगी। उन्होंने तत्काल एसडीएम हर्षल चौधरी को तालाब मैदान के गहरीकरण करने के स्थान पर जितनी खुदाई हो चुकी है उसके समतलीकरण करने तथा इसके साथ ही इन्होंने इस तालाब में कुछ स्थान पर शेष बची जलकुंभी को भी उखड़वाने के निर्देश दिए।

तालाब को जलमग्न बनाने के साथ सुंदर सुव्यवस्थित बनाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार के जल गंगा अभियान के अंतर्गत हो रहे इस अभियान को जनहित में आवश्यक बताते हुए कहा कि जल स्त्रोतों को संरक्षित ओर सहेजने का काम मध्यप्रदेश सरकार ने प्रारम्भ किया है। यह केवल शासन प्रशासन की ही नही अपितु प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह जल को एकत्रित करने के स्थान कुएं बावड़ियों, जलाशयों,नदियों का संरक्षण करे। हमारे इस प्राचीन और ऐतिहासिक तालाब में जितना अधिक पानी एकत्रित होगा उससे इसके आसपास के पाँच छह वार्डो का जल स्तर उतना ही बढ़िया रहेगा। और जल से भरे इस तालाब से हमारे शहर की सुंदरता भी बढ़ेगी। पत्रकारों के सवालों का जबाब देते हुए उन्होंने भी इस ऐतिहासिक तालाब के सीमांकन कराए जाने पर अपनी सहमति जताते हुए कहा कि तालाब का रकबा निश्चित कम हुआ है इसका सीमांकन करने के साथ अवैध अतिक्रमण को भी हटाये जाना चाहिए। विधायक शर्मा ने तालाब में बने दशहरा मैदान के भी जलमग्न हो जाने से इसकी ऊँचाई बढ़ाने की बात कही। साथ ही उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस तालाब को संरक्षित करने का आव्हान किया। इस दौरान एसडीएम हर्षल चौधरी,पार्षद सचिन शर्मा, रामप्रकाश साहू सहित प्रशासनिक अधिकारी व शहर के गणमान्य मौजूद रहें।

## *कृषि विभाग कार्यालय में विधायक ने जमीन पर बैठक कर की चर्चा*

*विगत दिनों सिरोंज के कृषि विभाग में डीएपी खाद तथा यूरिया की माँग करने गए किसानों को जमीन पर बैठाए जाकर विभाग के अधिकारी को स्वयं कुर्सी पर बैठकर बात करने के मामले को विधायक उमाकान्त शर्मा ने संज्ञान लिया है। गुरुवार को भोपाल से सिरोंज पहुँचने पर विधायक शर्मा अपने भाजपा नेताओं तथा किसानों के साथ सीधे कृषि विभाग के कार्यालय में पहुँचे और खुद भी एसडीओ के सामने जमीन पर ही बैठ गए। अधिकारी उनसे कुर्सी पर बैठने की गुहार करने लगे तो विधायक शर्मा ने कहा कि खाद मांगने आए हमारे किसानो को आपके सामने जमीन पर बैठना पढ़ रहा है यह किसानों की सरकार है किसान हितेषी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार है किसान हमारे अन्नदाता है आप शासन के अंग है लोक जनसेवक है उसके बाबजूद आप कुर्सी पर बैठे है ओर किसानों को जमीन पर बैठना पढ़ रहा है यह शिष्टाचार नही तो क्या है। मेरे क्षेत्र के किसानों का सम्मान ही मेरा सम्मान है मेरी सरकार का सम्मान है। कोई भी अधिकारी किसानों,आम नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार करेंगे तो उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने जिलाधीश महोदय से मांग करते हुए कहा कि किसानों के साथ एग्रीकल्चर डेवलपमेंट अधिकारी द्वारा किये गए दुर्व्यवहार को पूरे प्रदेश में उठाया गया है इस प्रकार का शिथिल कार्य करने वाले,शिष्टाचार नही निभाने वाले, कर्मचारी सेवा संघ के नियमों का पालन नही करने वाले अधिकारियों को प्रशिक्षण की आवश्यकता है। अधिकारियों को शिष्टाचार तथा जनभावनाओ का ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने इस मुद्दे पर नियमानुसार कोई कार्यवाही होती है तो करने का भी आग्रह किया है। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारी जमीन पर बैठे विधायक के सामने निरुत्तर होकर खड़े रहे। खाद की कमी को लेलर विधायक ने कहा कि कल ही भौपाल में वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर पूरे मामले से अवगत कराया है जल्द ही इस कमी को दूर कर लिया जाएगा। डीएपी खाद की कोई कमी नही है। किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करवाया*

### 8 से 10 वर्षों से कर रहे कार्य

## आउटसोर्स कर्मियों की नियमित करने की मांग, दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज तहसील निर्वाचन शाखा के समस्त आउटसोर्स कर्मचारियों ने विधायक उमाकांत शर्मा व एसडीएम हर्षल चौधरी को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपकर आउटसोर्स कर्मचारियो को नियमित करने की मांग की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि हम आउटसोर्स कर्मचारी विगत 8 से 10 वर्षों से निर्वाचन शाखा में आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में कार्य कर रहे हैं हमने विभिन्न चुनावों की गतिविधियों का कार्य बहुत ही अच्छी तरीके सभी कार्य पूर्ण करवाया है और कहीं चुनाव संपन्न करवाए हैं। लेकिन हम अभी भी आउटसोर्स कर्मचारी हैं जिससे हमें शासन की कई सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वही उन्होंने कहा कि हम आउटसोर्स कर्मचारी को नियमित किया जाए तथा शासन की सभी योजनाओं का लाभ दिया जाए। इस मौके पर निर्वाचन शाखा के कंप्यूटर ऑपरेटर इशू जैन,भरत अहिरवार ,राधाचरण जोशी,आकाश यादव,भानु कुशवाह,अभिषेक सेन सहित समस्त आउटसोर्स कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ समाजसेवी गर्ग की माता का निधन



**सिरोंज।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी कृष्ण गोपाल गर्ग, गिरधर गर्ग एंव कपिल गर्ग की माता एवं इंशान इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर अक्षत गर्ग की दादी किरण लता गर्ग का शुक्रवार को निधन हो गया। उनके निधन पर शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एंव शिक्षण संस्थाओं ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

## लाखा बंजारा झील पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का कलेक्टर दीपक आर्य ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा किये जा रहे लाखा बंजारा झील पुनर्विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का कलेक्टर सह अध्यक्ष एसएससीएल दीपक आर्य ने स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने संजय ड्राइव रोड साइड झील के मुख्य गेट के आस-पास पेवर ब्लॉक लगाकर बनाई जा रही वाहन पार्किंग का जायजा लिया। उन्होंने कहा की झील घूमने आने वाले लोगों को व्यवस्थित पार्किंग सुविधा उपलब्ध हो और रोड पर अव्यवस्थित वाहन खड़े न हों। सभी नागरिक पार्किंग सुविधा का लाभ लें और वाहनों को व्यवस्थित व सुरक्षित तौर पर पार्किंग में ही पार्क करें। उन्होंने संजय ड्राइव के पास झील किनारे बने आर्मी के पुराने वॉच टॉवर को दुरुस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा की इस वॉचटॉवर का उपयोग झील के सुरक्षाकार्मियों द्वारा झील की निगरानी हेतु किया जाये। इस वॉचटॉवर पर आमजन को चढ़ने की अनुमति न दें। उन्होंने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुये कहा की बारिश शुरू होने से पहले का यह समय प्लांटेशन के लिये अच्छा है, झील किनारे शेष बचे प्लांटेशन एवं हॉर्टीकल्चर कार्यों को इसी समय में कम्प्लीट करें। इससे बारिश के दौरान सभी प्लांट हरे भरे होकर झील की खूबसूरती को और बढ़ाएंगे। यहां की हरियाली और झील में पानी की लहरों के साथ नागरिक मनोहारी दृश्यों का अनुभव कर सकेंगे। नागरिकों को प्रकृति के बीच मनोरंजन हेतु आधुनिक सुविधाओं का सुखद लाभ मिलेगा। उन्होंने योगा डेक का निरीक्षण करते हुये यहां महिलाओं बच्चों की उपस्थिति देख प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने झील के किनारे योगमुद्रायें और उनकी जानकारी उपयुक्त स्थल पर लगाने हेतु कहा ताकि अधिक से अधिक नागरिक देखकर प्रेरित हों और उनमें योग से निरोग की भावना विकसित हो सके। वे झील किनारे योगाडेक पर सपरिवार योगक्रियाओं आसनों को करें और स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोगी बने। कलेक्टर आर्य ने झील किनारे पाथवे पर पैदल चलते हुये संजय ड्राइव मोंगाबधान, गंगामंदिर से चकराघाट एवं गौघाट तक सभी निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने चकराघाट के पास बनायी जा रहीं नवग्रह छतरियों की जानकारी ली एवं इनके निर्माण आदि कार्य सहित शेष बचे छोटे-मोटे कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिये।

## हॉलीफैथ कॉन्वेंट स्कूल में पौधरोपण

**गढ़ाकोटा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार महेश कुमार शर्मा प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर के दिशा-निर्देशन में, सुश्री सोनल सिंह जादौन, व्यवहार न्यायाधीश/अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति गढ़ाकोटा के मुख्य आतिथ्य में हॉली फैथ कॉन्वेंट स्कूल गढाकोटा में वृक्षारोपण कार्यक्रम सह विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि न्यायाधीश सुश्री सोनल सिंह जादौन ने जानकारी देते हुये बताया कि मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन में पंच-ज अभियान अंतर्गत पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से स्वतत्रंता दिवस 15 अगस्त तक प्रदेशव्यापी पौधरोपण विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है। उक्त दिशा-निर्देशों के परिपालन में आज उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं को कानून से संबंधित मूलभूत विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराते हुये किशोर न्याय अधिनियम अंतर्गत बाल अपराध, साइबर अपराध आदि के बारे में बताया।

## बीईओ ने कहा, महंगी किताबें खरीदने परेशान न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



नगर के शासकीय सीएम राइज स्कूल में गुरुवार को दोपहर 3 बजे विकासखंड सिरोंज के समस्त अशासकीय शिक्षण सस्थाओं के संचालक व प्राचार्यो की बैठक आयोजित की गई।

इस मौके पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी ने बैठक में उपस्थित प्राइवेट स्कूल संचालको को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि महंगी किताबों को खरीदने के लिए किसी भी अभिभावक को स्कूल द्वारा परेशान न किया जाए। उन्होने कहा कि बच्चों की किताबों को एक ही दुकान से खरीदने के लिए अभिभावको से कहा जाता है जिससे मजबूरी में अभिभावको को बच्चों के भविष्य को देखते हुए किताबों को खरीदते है और दुकानदार द्वारा किताबो के मनमाने दाम बसूले जाते है। वही उन्होने कहा कि स्कूल की किताबो को एक दुकान से नही बल्कि शहर की चार,पांच दुकानो पर रखी जाए। इस दौरान बीआरसी रमेश धाकड़,सीएम राईज प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार सहित समस्त स्कूलों के संचालक व प्राचार्य मौजूद रहे।

## नए शिक्षा सत्र में दो प्राइवेट स्कूलों ने पालकों को दी राहत, आधी कीमत पर उपलब्ध करा रहे किताबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली




नगर एवं क्षेत्र में प्राइवेट स्कूलो की भरमार है। सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में हजारों छात्र-छात्राएं प्रवेश लेकर अध्ययन करते हैं। नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है। नगर के दो प्रायवेट स्कूलों द्वारा छात्रों, पालकों का शिक्षा का आर्थिक बोझ कम करने की अनूठी पहल चर्चा का विषय बनी हुई है। गुरूकुल स्कूल द्वारा छात्र जिस कक्षा में उत्तीर्ण हुआ, उसकी पाठ्य पुस्तके जमा करने पर अगली कक्षा की पाठ्य पुस्तके निःशुल्क दिए जाने की योजना शुरू की गई, तो नगर के सबसे पुराने प्राइवेट स्कूल बरेली विद्या मंदिर हासे द्वारा पाठ्य पुस्तकों पर छपी कीमत से आधी कीमत पर पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराए जाने की पहल की गई है।

**पाठ्य पुस्तकों, नोट बुकों में कमीशन का खेलः** नया शिक्षा सत्र पुस्तक विक्रेताओं और अधिकांश प्रायवेट स्कूलों को पाठ्य पुस्तको, नोटबुक पाठ्य सामग्री बैंचने पर मोटी कमाई का जरिया बना नजर आता है। प्रत्येक प्रायवेट स्कूल द्वारा अपने स्कूल में कक्षा कोर्स के रूप में पढ़ाई जाने वाली पाठ्य पुस्तकें कुछ ही पुस्तक विक्रेताओ के पास रखी और बैंचने का कार्य किया जाता है। जिसमें स्कूलो और पुस्तक विक्रेताओं का भारी कमीशन मुनाफा कमाने की चर्चा बनी रहती है। स्कूल बेग, पानी बाटल, ड्रेस, स्कूलों की पाठ्य पुस्तको और नोट बुक खरीदने पर एक-एक कक्षा के लिए पालकों द्वारा हजारों रुपए खर्च करना मजबूरी बना रहता है। प्राइवेट स्कूलों की भारी भरकम फीस, वाहन का किराया आर छोटी-छोटी कक्षाओं की पाठ्य पुस्तकों नोट बुकों की सैकड़ों रुपए कीमत रहती है।

### पुस्तकों के बदले पुस्तकें

नगर के प्रायवेट सीबीएसई गुरूकुल स्कूल द्वारा पालकों, छात्रों का आर्थिक बोझ कम करने जिस कक्षा में छात्र पढ़ रहा था, उत्तीर्ण होने पर उस कक्षा की पुस्तकें जमा कर अगली कक्षा की पुस्तकें प्राप्त करने की अनूठी पहल शुरू कर प्रायवेट स्कूल में पढ़ाई का खर्चा कम करने का सराहनीय प्रयास किया है।

### किताबों के मूल्य में 50 प्रतिशत की कमी

नगर के सबसे पुराने प्राइवेट स्कूल बरेली विद्या मंदिर हायर सेकंडरी द्वारा पाठ्य पुस्तक निगम की पुस्तकों को छोड़कर विभिन्न कक्षाओं में पढ़ाए जाने वाली पुस्तकों पर छपी कीमत पर 50 प्रतिशत मूल्य कम करके छात्रों को उपलब्ध कराने की अनूठी पहल की जा रही है। पाठ्य पुस्तक निगम की विभिन्न कक्षाओं में स्कूलों द्वारा अध्ययन कराया जाता है। इसी के साथ अन्य पुस्तक प्रकाशनों की भी पढ़ाने पर भारी भरकम कीमत वाली पाठ्य पुस्तकों में कमीशन का बड़ा खेल बना रहता है। जिसकी आर्थिक मार पालकों पर बनती है। वर्तमान में नया शिक्षा सत्र की पाठ्य पुस्तकें, नोट बुके खरीदनें, पुस्तक विक्रेताओं के यहां भीड़ का नजारा बना रहता है।

## गढ़ाकोटा में लघु कन्यादान समारोह 15 जुलाई को, गिनीज बुक में दर्ज है यहां की शादियां

**गढाकोटा।** गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में दर्ज एक ही विधानसभा में सर्वाधिक कन्यादान लेने का रिकॉर्ड दर्ज रहली विधानसभा का है। रहली क्षेत्र का यह समारोह देश और विदेश में अपनी पहचान बना चुका है । कन्यादान समारोह की एक खास और अलग पहचान भी है । मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत नटराज ऑडिटोरियम गढ़ाकोटा मे लघु कन्यादान समारोह 15 जुलाई सोमवार ( भड़ली नमे ) को आयोजित किया जा रहा है। आयोजक पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव हैं। निज सचिव डॉ. केके खरे ने बताया कि 28 जून से पंजीयन फार्म में टॉकीज कार्यालय एवं गणनायक स्थित कार्यालय में हो रहे है । प्रत्येक वैवाहिक जोड़े को 49 हजार रुपए की राशि एवं उपहार सामग्री आयोजक गोपाल भार्गव के द्वारा भेंट स्वरूप प्रदान की जाएगी। निकाह एवं विवाह एक साथ संपन्न होंगे। भोजन व्यवस्था रहेगी पहले दिन लगभग 310 पंजीयन हुए। पंजीयन की अंतिम तारीख 10 जुलाई है।

## बिजली कंपनी के तीन कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**सागर।** बिजली कंपनी के सुरेन्द्र साहू, प्रमोद दरे एवं रविन्द्र दुबे सहित अन्य कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त। सागर म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.सागर के मकरोनिया स्थित एस.टी.एम. शाखा से सुरेन्द्र साहू 39 वर्ष 4 माह, सिविल संभाग से प्रमोद दरे 39 वर्ष 5 माह एवं नगर संभाग से रविन्द्र दुबे कक्का अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर (30 जून की अपेक्षा) माह के अंतिम कार्य दिवस 28 जून को सेवानिवृत्त हो गए। इनके अलावा मंजू एस.टी.एम., विनोद ठाकुर भंडार, राजेश नामदेव वृत्त कार्यालय, के.सी. जैन नगर संभाग से सेवानिवृत्त हुए। सभी को संबंधित कार्यालयों में समारोह आयोजित कर विदाई दी गई इन सभी कर्मचारियों का कार्यकाल बहुत ही संतोष जनक एवं कार्य के प्रति बड़े ही लग्नशील एवं कार्य के प्रति समर्पण था इन्होंने अपना कार्य बड़े ही जवाबदारी के साथ किया । सेवानिवृत्त कार्यालय सहायको के कार्यो की प्रशंसा करते हुए इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे एवं अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सभी को बधाई दी।

## लाखों खर्च कर बनी मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला, सालों से बंद

- सरकार के निर्णय से मिट्टी परीक्षण शुरू होने की जागी उम्मीद।
- लाखों एकड़ भूमि में किसानों द्वारा अनुमान से उपयोग किया जा रहा खाद।
- हजारों किसान वर्ष में तीन फसलों और हरी सब्जियों का कर रहे उत्पादन।



**बरेली।** लगभग 10 वर्षों पूर्व कृषि उपज मंडी प्रांगण में लाखों की राशि खर्च कर मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला भवन का निर्माण हुआ। किसानों को मिट्टी का हेल्थ कार्ड आसानी से मिले और भूमि में तत्वों की कमी या अधिकता की स्थिति में किसान संतुलित मात्रा में रासायनिक खादो का उपयोग कर अपनी उपज पैदा करे इसके लिए मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला तो बनी परंतु एक भी किसान की मिट्टी का परीक्षण नहीं हुआ। प्रयोगशाला में आए उपकरण कबाड में बदल गए और भवन का उपयोग भी कबाड़ रखने के उपयोग में नजर आता है।

### मिट्टी परीक्षण की जागी उम्मीद

पिछले दिनों प्रदेश की भाजपा डॉ. मोहन यादव की सरकार ने केबीनेट की बैठक में विचार किया और प्रदेश की सैकड़ों बंद पड़ी मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं को शुरू करने का निर्णय लिया तो अनुमान और अनुभव से रासायनिक खादों का उपयोग कर फसलों का उत्पादन कर रहे नर्मदा क्षेत्र के हजारों किसानों में मिट्टी परीक्षण की सुविधा शीघ्र मिलने की उम्मीद जाग उठी है। यदि प्रत्येक किसान के खेत की मिट्टी का परीक्षण हो जाए उसे यह मालूम हो जाए कि उसकी भूमि में किन जरूरी तत्वों की कमी है। तो उसे संतुलित मात्रा में खाद का उपयोग कर दूर किया जा सकता है।

इसी प्रकार भूमि में किन तत्वों की अधिकता हैद्व तो उस स्थिति में किस प्रकार की खाद उपयोग की जाए यह तभी हो सकता है। जब किसानो के खेत की मिट्टी का आसानी से परीक्षण और रिपोर्ट सामने आ जाए। सिंचाई सुविधा का लाभ उठाकर क्षेत्र के हजारों किसान वर्ष में तीन फसलों का उत्पादन कर रहे है। इसी के साथ हरी सब्जियों का भी ग्राम-ग्राम में भारी उत्पादन हो रहा है। अधिकांश किसान बिना मिट्टी का परीक्षण कराएं प्रति सीजन में विभिन्न फसलों में अनुमान, अनुभव के आधार पर महंगी रासायनिक खाद, डीएपी, यूरिया के साथ विभिन्न टानिक और कीटनाशकों, खरपतवार नाशकों का भारी उपयोग कर रहे हैं। दशकों से भारी मात्रा में विभिन्न रासायनिक खाद का उपयोग किए जाने से प्रति एकड़ औसत उत्पादन में कमी की स्थिति भी बन रही है। प्रत्येक सीजन में महंगी रासायनिक खादों की कमी से किसान हैरान परेशान भी बने रहते है। प्रदेश सरकार के निर्णय का जितने जल्दी पालन शुरू किसानों के लिए बहुत लाभकारी होने के साथ आर्थिक बोझ लागत भी कम होगी।

## जोरदार बारिश की आसः धान की रोपाई में हो चुका 15 दिन की देरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

कुदरत का भी अजब खेल रहता है। जून माह समाप्त होने वाला है, अभी तक नर्मदा क्षेत्र की बरेली, उदयपुरा, देवरी तहसीलों में इतनी भी बारिश नहीं हुई कि हजारों किसान धान की रोपाई कर सके। धान की रोपाई में दो सप्ताह का बिलम्ब हो चुका है। धान की बिलम्ब से रोपाई कटाई से उत्पादन में गिरावट आने से किसानो को आर्थिक नुकसान होता है। इसी कारण अब किसान धान के स्थान पर दूसरी खरीफ फसलो विशेष कर सोयाबीन को विकल्प मानने लगे है।

**कम बारिश, रुकी धान की रोपाईः** पिछले दिनों में 2-3 बार हल्की बारिश हुई, जिससे पक्की सड़कों पर बारिश का पानी कीचड़ दिखने लगा, परंतु मार्च अप्रैल से प्रचण्ड गर्मी से तपे खेतों की उपरी सतह भी पानी में भीगने की स्थिति नहीं बन पाई। धान की रोपाई क्यारियों की मचाई के लिए भरपूर बारिश और मौसम में ठंडापन जरूरी है। जिसका जून माह में अभाव और कमी बनी हुई है। भले ही आसपास के जिलों में अच्छी बारिश हो रही हो परंतु बरेली, उदयपुरा, देवरी तहसील में बारिश की भारी कमी से धान की रोपाई खेती का काम पिछड़ता जा रहा है।

धान की अच्छी उपज और पौध रोपाई के दौरान क्यारिया पानी से लबालब होना जरूरी है। पिछले वर्ष बरेली में जून माह में 90 मिमी के आसपास बारिश हुई थी। अभी तक मात्र 37 मिमी ही बारिश हुई है। उदयपुरा तहसील में 153 मि.मी. बारिश हुई थी, अभी तक उदयपुरा तहसील में मात्र 40 मिमी बारिश हुई है। देवरी में 203 मिमी बारिश पिछले वर्ष जून में हुई थी, अभी तक मात्र 22 मिमी के आसपास बारिश हुई है। इतनी कम बारिश के कारण ही नर्मदा क्षेत्र में भीषण गर्मी उमस का गर्म माहौल बना हुआ है और हजारों किसान जोरदार बारिश की आस में आसमान निहार रहे हैं। जब तक क्यारियों में भरपूर पानी नहीं भर जाता धान की रोपाई बंद रहेगी।

## दुर्घटना में तड़प-तड़प कर मर जाते हैं घायल आवारा पशु

# भोपाल-विदिशा हाईवे पर आवारा पशुओं का लगा रहता है जमावड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



भोपाल विदिशा हाईवे 18 की सड़क पर गौ-वंश के समूहों के कारण आए दिन सड़क दुर्घटना हो रही है इसे रोकने के लिए कई जतन किए। इसके बावजूद भी हर एक-दो दिन छोड़कर इस रोड पर पशुओं की लगातार की मौत हो रही हैं।

तीन दिन में ही बालमपुर घाटी से लेकर दिवानगंज तक तीन पशुओं की दुर्घटना में मौत हो चुकी है। शहर हो या गांव, सभी जगह गौ-वंश की दुर्दशा हो रही है। ऐसा कोई दिन नहीं बीतता जिस दिन गोवंश सड़क दुर्घटना का शिकार न हो, जिस दिन किसी गाय की तड़प-तड़प कर मौत न होती हो। दुर्घटना में घायल गाय तड़प तड़प कर मर जाती है उसको रखने वाला देखने तक नहीं आता है।

इन आवारा पशुओं के कारण सड़क दुर्घटनाओं का शिकार लोग भी हो रहे हैं। सड़क पर बैठे आवारा पशुओं के कारण दुर्घटनाओं में लोग या तो घायल हो रहे हैं, या उनकी भी मौत हो रही है। हालात ये हैं, कि दुर्घटना में रोजाना गाय और इंसान की मौत हो रही है। गुरुवार रात को बालमपुर घाटी के नीचे अज्ञात वाहन ने एक गाय की बछिया को टक्कर मार दी। बछिया की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वाहन की टक्कर से बछिया के पीछे के दोनों पैर मुड़कर दूसरी तरफ हो गए थे। कई गौ-वंश ऐसे हैं, जिनके न रहने का ठिकाना है, न खाने-पीने का इंतजाम है। दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, बालमपुर यदि गांवो में कई आवारा पशु हैं रखने वाले इनको आवारा छोड़ देते हैं आवारा गाय खाने की तलाश में सड़कों, गलियों में भटकती रहती है। भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर कई जगह आवारा पशुओं का झुंड के झुंड जगह-जगह खड़े रहते हैं जिससे आने-जाने वाले राहगीर परेशान होते रहते हैं। आवारा पशुओं की वजह से जाम लगता है। गायों को बचाने के चक्कर में रोजाना कहीं ना कहीं एक्सीडेंट हो रहे हैं। , ये तो आम दिनों की बात है,बारिश के मौसम में रोजाना 2 से 4 गायों की मौत होती है गाय रखने वाले व्यक्ति जब तक गाय दूध देती है तब तक अपने पास रखते हैं इसके बाद आवारा छोड़ देते हैं जिससे यह आवारा गाय रोड पर घूमती है जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं अब तो किसानों ने अपने खेत में धान लगा रखी हैं इन फसलों को बचाने के लिए किसान आवारा गायों को अपने खेत से भगा कर रोड पर कर देते हैं कई बार देखा जाता है कि किसान अपने खेत से जानवर को भगा देता है फिर दूसरा किसान उनको फिर भगा देता है जिससे गायों का रोज इधर से उधर आना जाना लगा रहता है।

2 दिन पहले ही गए की टक्कर से बालमपुर घाटी के नीचे एक व्यक्ति घायल हो गया था जिसका इलाज भोपाल के हमीदिया अस्पताल में चल रहा है। बालमपुर घाटी के नीचे हमेशा आवारा पशु झुंड के रूप में बैठे रहते हैं। घाटी की अधिक ऊंचाई और निचाई होने के कारण अक्सर वाहन तेज गति से उतरने और चढ़ते हैं। घाटी पर चढ़ने और उतरने के कारण ही ज्यादातर पशु वाहनों की चपेट में आते हैं। पूरी बारिश भर बालमपुर घाटी पर आवारा पशुओं की मौत होती रहती है।

# बेटी की हरकतों से बदनामी झेल रहे पिता ने की खुदखुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन





बुधवार को सियरमऊ के पास झाड़ियों में अपने नवजात को फेंकने वाली मां को पुलिस ने उसी दिन गिरफ्तार कर लिया था। बेटी की हरकत और बदनामी के डर के चलते महिला के पिता ने फांसी लगाकर जान दे दी।

जानकारी के मुताबिक शिवराजसिंह पिता नन्हेवीर आदिवासी उम्र 50 वर्ष बेटी की गिरफ्तारी के बाद से ही तनाव में था। बुधवार को घर से कहीं चला गया था। रात में जब घर नहीं लौटा तो गुरुवार को खोजबीन शुरू की गई। गांव वाले खेत में उनका शव एक पेड़ पर लटका मिला है। मृतक के मामा के बेटे हीरालाल आदिवासी ने बताया कि जब पुलिस बेटी को पकड़कर थाने ले गई तो शिवराज सिंह मानसिक रूप से परेशान हो गए थे। वे बिना बताए घर से कहीं चले गए थे।

### बच्चों के हाथ पर लगे टैग से हुई थी पहचान

सिलवानी एसडीओपी अनिल मौर्य ने बताया कि 25 जून को सुबह 7 बजे सिलवानी पुलिस को ग्रामीणों ने सूचना दी कि सड़क किनारे कंटीली झाड़ियों में एक नवजात पड़ा है। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और बच्चे को उठाकर सिलवानी सिविल अस्पताल पहुंचाया। बच्चे के पूरे शरीर पर कांटे चुभे थे। उसके चेहरे और गले में चोट के निशान थे। यहां डॉक्टर ने बच्चे के हाथ में लगे बैंड को देखकर बताया कि मासूम की डिलीवरी रायसेन जिला अस्पताल में हुई है।

उन्होंने बताया कि जन्म के दौरान बच्चे के हाथ पर माता-पिता के नाम लिखे हुए बैंड को लगा दिया जाता है। बैंड में पिता का नाम मनीष और मां का नाम राजकुमारी लिखा हुआ था। इस आधार पर पुलिस ने कुछ ही घंटों में मां को तलाशा और थाने ले आई। महिला पर तत्काल केस दर्ज कर उसके बयान लिए गए। इस पूरे घटनाक्रम में मां ने पुलिस को बताया कि बच्चे को एंबुलेंस से अस्पताल से लेकर घर जा रही थी। रास्ते में देखा कि बच्चे में किसी तरह की कोई हलचल नहीं हो रही है। इस कारण रास्ते में एंबुलेंस से उतर गई और उसे मरा समझकर फेंककर घर चली गई। वहीं, लोगों का कहना है कि महिला का उसके पति से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा है। इस कारण वह पिछले कुछ महीनों से अपने पिता के घर आकर रह रही थी।

## खबर संक्षेप

### 1 पेड़ अपनी मां के नाम अभियान में पौधरोपण



**सिलवानी।** भाजपा संगठन के द्वारा चलाए जा रहे 1 पेड़ अपनी मॉ के नाम अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओ के द्वारा बूथ स्तर तक पौधरोपण किए जाने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने गुरुवार को नगर के वार्ड नंबर चार के बूथ क्रमांक 220 पर पौधरोपण किया तथा कार्यकताओ व नागरिकों से अधिक संख्या में पौधरोपण कर अभियान में अपनी सहभागिता दर्ज करने का आग्रह किया तथा पौधरोपण कर पौधो के पेड़ बनने से होने वाले लाभ को भी लेखांकित किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के बरिष्ठ नेता रमाकांत शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष श्याम साहू, गिरजीस चौरसिया, संजू बनारसी, शरीफ खान, महेंद्र रघुवंशी वर्धा, रघुवीर साहू,पार्षद प्रदीप कुशवाहा,पार्षद प्रतिनिधि मोहन साहू,संदीप शर्मा,मदन शर्मा सहित कार्यकर्ता, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सांची पुलिस की लापरवाही के चलते बड़े अपराध



**सांची।** सांची में फिर चले चाकू छुरी अभी 2 दिन पहले ही सांची में बड़ी घटना होते होते बज गई दो गुटों में आमने-सामने आने से किसी ने कलारी फोड़ दी तो किसी ने जीप फोड दी और यह सब पुलिस की नाक के नीचे हो रहा था वहीं गुरुवार को सांची का बाजार लगता है वहां पर एक दो पुलिस के जवान तैनात रहना चाहिए। मगर एक भी पुलिस का जवान नजर नहीं आता इसी का फायदा उठाकर गुरुवार को बाजार में फल फ्रूट के ठेला लगाने वाले कैलाश अहिरवार से दो लड़कों की किसी बात को लेकर आपस में कहा सुनी हो गई और उन्होंने उसे पर छुरी से हमला कर दिया जिससे फल फ्रूट वाले को काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

**रायसेन।** कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर दुबे द्वारा अनुभाग और तहसीलवार राजस्व प्रकरणों, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा सहित अन्य गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए एसडीएम, तहसीलदारों को निर्देश दिए कि कोई भी प्रकरण अधिक समय तक लंबित न रहे।

# 3 साल से इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल के लिए भटक रही दिव्यांग छात्रा

## कलेक्ट्रेट कार्यालय में आवेदन देकर लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकार विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन करती है। इन योजनाओं के माध्यम से छात्रों को छात्रवृत्ति से लेकर विभिन्न प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराई जाती है। जिससे कि शिक्षा प्राप्त करने में कोई भी बाधा ना आए।

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भी ऐसी ही कई योजनाओं का संचालन किया जाता है। सरकार की कोशिश है कि दिव्यांगों को जीने का कोई सहारा मिल सके, ताकि वह अपने जीवन को अच्छे से जी सकें। लेकिन एक दिव्यांग छात्रा 3 साल से इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल के लिए भटक रही। अब तक छात्रा को इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल नहीं मिल सकती है परेशान होकर दिव्यांग छात्रा कलेक्ट्रेट कार्यालय में आवेदन देकर लगाई गुहार। सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम निनोद गांव की निवासी 12वीं क्लास की दिव्यांग छात्रा कशिश ठाकुर ने रायसेन कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची जहां उन्होंने बताया कि मैं ग्राम निनोद में रहती हूं। दीवानगंज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पढ़ती हूं। मेरे घर और स्कूल की दूरी 12 किलोमीटर है घर से स्कूल तक कोई साधन भी नहीं चलता है। जिससे स्कूल पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

3 साल से इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल के लिए दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं। स्कूल भी समय पर नहीं पहुंच पाते, छात्रा ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर के नाम आवेदन देकर इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल के लिए गुहार लगाई है।

# बीदपुरा सोसाइटी के गेहूं का करोड़ों रुपए का भुगतान अटका, अधिकारी दे रहे आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर



तहसील रायसेन की पांच ग्राम पंचायत के किसान गेहूं की राशि नहीं मिलने से परेशान है। पिछले 3 महीने से किसानों को समर्थन मूल्य पर बेचे गए गेहूं का भुगतान नहीं हुआ है। वह कभी कृषि विभाग तो विपणन अधिकारी तो कभी कलेक्ट्रेट के चक्कर लगा चुके हैं। लेकिन गेहूं की राशि का भुगतान नहीं हुआ है।

जिससे किसान परेशान है। शुक्रवार की दोपहर भी कई किसान कलेक्टर कार्यालय पहुंचे ।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि गेहूं की राशि का भुगतान जल्दी नहीं हुआ तो चक्काजाम आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। जिसकी सारी जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी। शुक्रवार को दोपहर किसान जागृति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र बाबू रज्जू भैया पेनगवां, संगठन प्रमुख इरफान जाफरी सहित सैंकड़ों अन्नदाताओं द्वारा गेहूं का भुगतान नहीं मिलने से परेशान होकर कलेक्ट्रेट कर्यालय रायसेन पहुंचे। उन्होंने बताया कि किसान वीदपुरा के हरनाम सिंह जाट, रंगपुरा केसरी के भोला यादव, दिनेश जाट,मनीष जाट, रवि जाट सहित 350 किसानों का करोड रुपए का भुगतान अटका हुआ है। जिससे किसान परेशान है किसान जागृति संगठन ने कलेक्टर अरविंद दुबे से मुलाकात की। कलेक्टर ने उन्हें सोमवार तक का समय दिया है। वह बोले जल्द किसानों का गेहूं का भुगतान किया जाएगा। इसके बाद किसानों ने फूड इंस्पेक्टर संदीप भार्गव से भी बातचीत की। उन्होंने भी किसानों को आश्वासन दिया जांच के बाद भुगतान करवा दिया जाएगा।

### गड़बड़झाले का मामला

5 ग्राम पंचायत के किसानों ने एग्रीकल्चर वेयर हाउस रतनपुर में गेहूं की तुलाई की थी। लगभग 350 किसानों ने गेहूं की उपज की तुलाई कराई । किसानों ने गेहूं की राशि का भुगतान नहीं होने से जल्द कराए जाने की मांग की है। लगभग 3 महीने बीत चुके हैं जिससे किसान परेशान है। एग्रीकल्चर वेयरहाउस रतनपुर में किसानों की उपज तुलाई करके रखी गई। ट्रैक्टर की किस्तों केसीसी लोन का कर्ज तक का बैंक में भुगतान सोसाइटियों का खाद बीज का कर्ज नहीं चुकाया गया है। जिससे वह पेशोपेश में है।

# तालाब में नहीं हो रहा नियम अनुसार कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी



बाड़ी नगर परिषद के वार्ड नंबर 15 में तालाब का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है जिसमें तालाब की खुदाई साइड वॉल के साथ साथ पत्थर से पिचिंग कार्य भी होना है। जिसकी लागत 28 लाख के करीब है मगर ठेकेदार द्वारा कार्य में गुणवत्ता नहीं दिख रही है।

सिरवारा में तालाब सौंदर्यीकरण किया जा रहा जिससे तालाब में पानी भाराब बड़े और यहां का मुख्य व्यवसाय पशुपालन है। इन पशुओं को हमेशा पानी मिल सके इसलिए तालाब के चारों तरफ नाली निर्माण किया गया है जिससे बारिश का पानी तालाब में इकट्ठा हो जाए और तालाब की मिट्टी खुदाई कर गहरी करण करना एवं आखिर में तालाब के चारों तरफ पत्थर से पिचिंग करना है जिससे पानी का रिसाव को रोका जा सके। ठेकेदार द्वारा पत्थर की पिचिंग की जगह क्रेशर का बेस्टेज कोपरा का उपयोग किया जा रहा है जिसका वजन 5 किलो से ज्यादा नहीं है जबकि पिचिंग कार्य में 40 किलो ग्राम का पक्का वाला जिसको अलंगा कहते हैं उसका उपयोग करना था जिस कोपरा का उपयोग हो रहा है उसमें 5 किलो ग्राम से बड़ा कोई पत्थर नहीं इनके बीच में छोटे छोटे टुकड़े का इस्तेमाल किया गया है। इसके पानी का रिसाव रुकेगा क्या। तालाब सौंदर्यीकरण का किया जा रहा जिसमें दो ऐजेंसी के इंजीनियर काम देख रहे एक टाटा एजेंसी वहीं दूसरी नगर परिषद लेकिन मौके पर कोई नहीं रहता ठेकेदार अपनी मर्जी से काम कर रहा है।

### इनका कहना...

पिचिंग कार्य में ठोस पत्थर जिसका वजन 40 किलो ग्राम होना चाहिए शुरू में गलत माल आ गया था में सुधार करवाता हूं

**-विकास कुमार**, इंजीनियर

# स्टीयरिंग फेल होने से पलटने से बच गया ट्रक, टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर रोज दुर्घटनाएं हो रही है दुर्घटनाओं का एक कारण रोड की चौड़ाई कम होना है। सोमवार को देहरी के पास नयरा पेट्रोल पंप पर एक ट्रक का स्टीयरिंग फेल हो गया।

ट्रक ड्राइवर की सूझ बूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। ट्रक ड्राइवर ने बताया कि वह विदिशा से भाड़ा भारत का भोपाल जा रहा था जैसे ही देहरी गांव के पास पहुंचा तो ट्रक का स्टीयरिंग फेल हो गया। गनी मत रही की समय रहते हुए ट्रक ड्राइवर ने ट्रैक को रोड़ से नीचे उतरने बाल बाल बचा नहीं तो ट्रक 5 फीट नीचे गड्ढे में चला जाता। बता दे की भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर रोज हजारों की तादात में वाहन भोपाल से विदिशा, सागर, बिना, अशोक नगर, गंजबासौदा, सिरोंज, रायसेन सहित कई कई शहरों के लिए भाड़ा लेकर निकलते हैं।

# प्रतिमा के साथ तीन युवकों ने की छेड़छाड़ पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनखेड़ी



बनखेड़ी के ग्राम डूमर में हनुमान चबूतरे पर हनुमान जी की प्रतिमा विराजमान थी। जहां बुधवार शाम को ग्राम के ही तीन युवकों ने चबूतरा से हनुमान जी की प्रतिमा नीचे फेंक दी। युवकों ने उसे स्थान पर अंबेडकर मूर्ति लगाने की मंशा को लेकर हनुमान जी की मूर्ति वहां से हटा दी। इसका वीडियो वायरल हुआ। इसके बाद ग्राम एवं आसपास के धार्मिक संगठनों एवं नागरिकों में आक्रोश फैल गया, ग्राम डूमर में बुधवार शाम को लोगों ने इसका विरोध किया तो राजनीति गर्मा गई विरोध करने वाले संत महंत गोपाल दास त्यागी सीताराम आश्रम उमरधा, चांदौन गोशाला उमरधा एवं नीरज पटेल ब्लॉक अध्यक्ष बजरंग सेना को भाजपा मंडल अध्यक्ष बनखेड़ी रमेश पटेल ने यह कह दिया कि तुम सांसद के करीबी हो एवं विवाद को उकसाने का आरोप लगा दिया। घटना के विरोध में बजरंग सेना ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर बनखेड़ी थाने में ज्ञापन सौंपा। बनखेड़ी थाना प्रभारी सुधाकर बरस करने बताया कि ग्राम के तीन युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है जिसमे आरोपी छोटल पिता प्रहलाद हरिजन उम्र 23 मनोज पिता दशरथ हरिजन, उम्र 29 गनेश पिता शंकर हरिजन उम्र 45 तीनों निवासी ग्राम डूमर के द्वारा मूर्ति को उठाकर फेंककर लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

# अघोषित बिजली कटौती व बढ़े हुए बिजली बिलों के विरोध में नागरिकों ने लगाया जाम

## पूर्व मंत्री रामपाल सिंह के आश्वासन पर किया जाम समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



अघोषित बिजली कटौती व बढ़े हुए बिजली बिलो के विरोध में नागरिको ने गुरुवार की रात्रि को तहसील थाना तिराहा भोपाल रोड पर जाम लगा दिया, करीब 50 मिनट तक चले जाम के बाद पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह ने पहुंच कर जाम कर रहे नागरिको से चर्चा की तथा कार्रवाही का भरोसा दिया, इसके बाद नागरिको ने जाम समाप्त किया।

नागरिको का कहना है कि बेवजह अघोषित रुप से कई घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है, बिजली ना मिलने के बावजूद भी हजारो रुपए के बिल दिए जा रहे है, बड़ी हुई राशि के बिलो में सुधार ना किया जाकर जमा करने को मजबूर किया जा रहा है। इन सब से परेशान नागरिक विरोध स्वरुप सड़क पर उतर कर समस्या के निराकरण की मांग करते हुए सड़क पर बैठ गए, जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो गई, दोनो तरफ वाहनो की कतार लग गई, जाम की जानकारी लगतें ही क्षेत्र के भ्रमण पर निकले पूर्व मंत्री रामपाल सिंह तत्काल ही जाम स्थल पर पहुचें तथा सड़क पर बैठे नागरिको से चर्चा की। इसी बीच एसडीएम भी मौके पर पहुंच गए। नागरिके ने बिजली कंपनी की मनमानी की षिकायत की, इस पर पूर्व मंत्री ने बिजली कंपनी के उच्चाधिकारियो से चर्चा कर समस्या के समाधान किए जाने का भरोसा दिलाया तथा एसडीएम को निर्देशित किया कि वह शिविर लगा कर बिजली के बढ़े हुए बिलो में सुधार करा कर बिजली कटौती की व्यवस्था को दुरुस्थ करावे।

### रेत से भरे ओवर लोड डंपरो की भी पूर्व मंत्री से की शिकायत

अंधरी रफ्तार से दौड़ रहे रेत से भरे ओवर लोड डंपरो से आए दिन हो रहे हादसों पर भी पूर्व मंत्री श्री सिंह का ध्यान आकर्षित कराया तथा कार्रवाही की मांग की, उन्हे बताया कि स्थानीय प्रशासन के द्वारा इन डंपरो पर कोई कार्रवाही नही की जा रही है। जिस पर श्री सिंह ने एसडीएम व पुलिस अधिकारियों को डंपरो के कागजात चेक कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।